हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

04 राजीनामा कर प्रकरण का कर सकते हैं निराकरण...


07 अतिवृष्टि से फसलों के हुए नुकसान मुआवजे व...




## खबर संक्षेप में

### दूसरी यात्रा तिरूपति के लिए आवेदन 12 तक

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के तीर्थी यात्री के लिए जिल से दो यात्रा आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए जारी निर्देशानुसार दूसरी यात्रा तिरूपति 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक यात्री बर्थ-200 और अनुरक्षक एव सुरक्षाकर्मी-4रहेगें। यात्रा के लिए आवेदन 12 सितम्बर तक किया जा सकता हे।डिप्टी कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कुशवाह ने सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये है कि आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर यात्रा का प्रचार-प्रसार करें एवं सभी आवेदकों से निर्देशों का पालन करते हुए आवेदन लिए जावे।

### आज किया जाएगा रक्तदान अभियान का कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर शहर के शिव शक्ति भवन अवधपुरी आगामी 22 अगस्त को विशाल रक्तदान अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ब्रह्मकुमारी एवं समाज सेवा प्रभाग के तत्वाधान में किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को रक्तदान अभियान में शामिल होने की अपील की।

### मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। इसे बचाव के उपाये आवश्य करें और नजदीकी चिकित्सालय में जा कर डॉ. को दिखाये और उपचार कराये। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगायें। हल्के रंग के कपड़े पहनें एंव हाथ पैरों को पूरा ढ़कें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें। इसके साथ ही तेज बुखार, उल्टी तथा शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### स्वस्थ यकृत मिशन के तहत फ्री फाइब्रो स्कैन कैंप आयोजित

**सीहोर।** जिला चिकित्सालय में स्वस्थ यकृत मिशन के तहत फ्री फाइब्रो स्कैन कैंप आयोजित किया गया। कैंप में नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के 109 मरीजों का फाइब्रोस्कैन मशीन द्वारा फाइब्रो स्कैन किया गया। इसके साथ ही इससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। मरीजों को खानपान एवं जीवन शैली में सुधार करने की सलाह दी गई।

---

### पर्युषण पर्व पर चल रहे हैं धार्मिक अष्टान्हिका व्याख्यान

# आगम शास्त्र हमारे लिए अंधेरे में प्रकाश है जो हमें धर्म की राह दिखाते हैं: रत्न निधि






**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा**

पर्युषण महापर्व के आठ दिनों में हमें एक-एक कर्मों का क्षय करना है। जो धर्म को पकड़ कर रखता है, धर्म उसकी विपत्ति आने पर अवश्य ही रक्षा करता है। अनादि काल से भव - भ्रमण के बाद हमें यहां दुर्लभ मानव जीवन मिला है, इस जीवन का सदुपयोग कर इसे धर्म कार्य, पुण्य कार्य में लगाए तभी हमारा यहां जीवन मिलना सार्थक होगा। आगम शास्त्र हमारे लिए अंधेरे में प्रकाश के समान है, जो हमें धर्म मार्ग पर चलने की राह दिखाते है। अभय दान सबसे बड़ा दान है,जयणा एवं जीव दया इसके अंग है।

स्थानीय जैन श्वेताम्बर समाज में चल रहे आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व मैं अष्टान्हिका व्याख्यान के दौरान प.पू.प्र.म. चंद्रप्रभा श्री जी म. सा. की सुशिष्या प.पू. रत्न निधि म.सा. द्वारा समाजजनों के समक्ष यहां विचार व्यक्त किये। साध्वी जी ने कहा कि कर्मो से मुक्त होना ही जीव का मोक्ष है दर्शन, ज्ञान, चारित्र की समन्वित साधना ही मोक्ष मार्ग है। जीवन में अंहिसा एवं वीतराग धर्म धारण करने वाली भव्यात्मा आज नहीं, तो कल अवश्य ही धर्मात्मा बन, परमात्मा बन सकती है। इसके लिये उस जीव को संयम, तप, त्याग, चारित्र आदि का मार्ग अपनाना होगा। साध्वीजी ने कहा कि जीवन का महत्व क्रियाऐं करने से नहीं, क्रियाऐं किस भाव व परिणाम के लिये की जा रही है, यह महत्वपूर्ण है। आज हमारी परमात्मा के प्रति श्रद्धा व समर्पण औस की उन बूंदो के समान है जो हवा के झोके के साथ ही समाप्त हो जाती है, यही स्थिति इस संसार की है। जीवन में जानबुझ कर किये गये पापो के लिये प्रायश्चित नहीं होता है। पयुर्षण पर्व में जीवन परिवर्तन करने से ही आत्मा का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में जिसने क्रोध, मान, माया, लोभ, तथा अपनी इन्द्रियो पर विजय पा ली वही आत्मा मोक्ष पद की अधिकारी बन जाती है। मनुष्य जीवन एक अवसर है स्वयं की आत्मा को पहचानने का। जिन्दगी में तो अनंत की संभावना है, इसमें अनंत शक्तिया छिपी है व असंख्य दिव्यताए मौजूद है। इन्हे पहचानना ही जिन्दगी का असली मकसद होना चाहिये। उन्होंने कहाकि पर्व के दिनों में हमें ज्ञानवर्णी कर्म का क्षय करना चाहिए। आंख पर पट्टी बंधी हो तो हमें कोई दिखाई नहीं देता है इसी प्रकार अज्ञानता वश हम ज्ञान, ज्ञानी व ज्ञान के उपकरण की आशातना कर लेते हैं जिससे हमारा ज्ञानवर्णी कर्म का बंध हो जाता है। जब यहां कर्म उदय में आता है तो कोई गुंगा कोई बहरा तो कोई सुन नहीं पाता है। यह सब ज्ञानवर्णी कर्म के उदय से होता है। उन्होंने कहाकि दर्शावर्णी कर्म का भी हमें इन दिनों क्षय करना चाहिए उन्हें कहा कि जैसे राजा से मिलना है तो पहले उनके द्वारपाल से मिलकर सूचना देना होती है। तब वह हमें राजा से मिलने देता है। इसी प्रकार परमात्मा के प्रति प्रीति बढ़ाने के भाव जागृत होते हैं लेकिन अचानक से कोई संदेश आ जाता है तो हम परमात्मा के दर्शन पूजन करने से भी वंचित हो जाते हैं। हमें दर्शा वर्णी कर्म का क्षय करने का पुरुषार्थ करना होगा। देव,गुरु धर्म के प्रति श्रद्धा जागृत होती है तभी हम ज्ञानवर्णी व दर्शावर्णी कर्म का क्षय कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मकान बनाने के पूर्व उसका मास्टर प्लान नक्शा बनाया जाता है उसी तरह पयूषण पर्व के दिनों में धर्म आराधना व साधना के लिए हमें निर्मल व पवित्र बनना होगा। आठ दिवसीय यहां पर्व हमें पशुता से मानवता व मानवता से प्रभुता की ओर ले जाने वाला है। उन्होंने कहा कि इस पर्व में हमें चार प्रकार के आनंद की अनुभूति होती है पहली मानसिक आनंद की अनुभूति जो पर्व आते ही यह भाव हमारे भीतर स्वतः ही आते हैं। दूसरा इतिहास का सिंहलोकन जिसमें हमारे समक्ष महापुरुषों का जीवन दर्पण की तरह हमारे समक्ष आता है कि उन्होंने धर्म व समाज के लिए किस प्रकार कार्य किया। तीसरा विश्वास की प्रशस्ति इसमें हमें महापुरुषों के द्वारा दिए गए संदेश के प्रति विश्वास जागृत होता है उनके बताएं मार्ग का अनुशरण करने का भाव हमारे भीतर पैदा होता है। तथा चौथ आनंद जिसकी अनुभूति हमें होती है वहां है जीवन विकास जिसमें हमें महापुरुषों के द्वारा किए गए कार्य तथा उनके आदर्श पर चलने से जीवन के विकास का क्रम प्रारंभ होता है। उसके पहले हम कितने ही प्रयास कर ले जीवन विकास प्रारंभ नहीं होता है। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना जीवन तो चल सकता है, लेकिन गुरु बनाये बिना मोक्ष नहीं मिल सकता। गुरु ही हमारे जीवन को शुरू करते हैं गुरु बनाने बिना हम जीवन को उत्थान की ओर नहीं ले जा सकते हैं।

#### कल्पसूत्र शास्त्र की शोभायात्रा निकलेगी आज

पर्यूषण महापर्व के दौरान कल्पसूत्र शास्त्र का वाचन भी होता है। शुक्रवार को प्रातः 8.30 बजे कल्पसूत्र शास्त्र की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें लाभार्थी परिवारों द्वारा जिनालय से शास्त्रजी को सिर पर धारण कर गाजे-बाजे एवं सकल श्री संघ के साथ जैन आराधना भवन तक ले जाया जाएगा। जहां पर साध्वीजी को शास्त्र वाचन हेतु भेंट किया जाएगा। इसके पूर्व पांच ज्ञान की पूजन लाभार्थी परिवारों द्वारा वासक्षेप से की जाएगी। गुरुवार को जैन आराधना भवन में कल्पसूत्र शास्त्र की भक्ति का कार्यक्रम रखा गया। श्री चंदा प्रभु बहू मंडल द्वारा जैन भजनों पर आधारित भक्ति की प्रस्तुति दी गई।

---

**धर्मांतरण मामले में नया मोड़!**

### आरोपी जब्बार खान पर नपा का भी शिकंजा, 24 घंटे में भवन अनुज्ञा दिखाने का नोटिस

**सीहोर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में धर्मांतरण का मामला सामने आने के बाद अब नगर पालिका भी हरकत में आ गई है। पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद नगर पालिका ने मुख्य आरोपी जब्बार खान के घर 24 घंटे में भवन अनुज्ञा और भूखंड से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया है। नपाकर्मियों ने जब्बार खान के घर पर यह नोटिस चस्पा किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।



**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो :** वीडियो में नपाकर्मी यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि वे 10 मिनट से आवाज लगा रहे हैं, लेकिन घर से कोई बाहर नहीं आ रहा है। नगर पालिका ने साफ कहा है कि यदि 24 घंटे में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने नगर पालिका में शिकायत दर्ज कराई थी कि जब्बार खान का मकान बिना भवन अनुज्ञा के बना है, जिसके बाद कार्रवाई तेज हो गई।

**एफआईआर के बाद अब नोटिसनजारी :** तीन दिन पहले हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जब्बार खान के घर धर्मांतरण की गतिविधियां संचालित होती मिली थीं। इस पर पुलिस ने जब्बार खान और उसकी पत्नी ताहिरा खान पर धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 के तहत एफआईआर दर्ज की। वहीं प्रार्थना सभा में शामिल एक पुलिसकर्मी को निलंबित भी किया गया है। नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह ने बताया कि यदि आरोपी ने समय पर दस्तावेज नहीं दिए तो अगली कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी।

---

# 10 लाख कीमत के पटाखों से भरे 72 कार्टून जब्त

### भैरुंदा पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबार का पर्दाफाश किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर**



जिले की भैरुंदा पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबार का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने 10 लाख रुपये कीमती 72 कार्टून पटाखों को जब्त किया है। आरोपी इन्हें त्योहारों से पहले बाजार में खपाने की फिराक में था। भैरुंदा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नसरुल्लागंज रोड स्थित ग्राम तिलाडिया में भवानीसिंह राजपूत के खेत पर बने शटर वाले कमरे में भारी मात्रा में पटाखे रखे गए हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर एसडीओपी रोशन जैन और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने टीम गठित कर कार्रवाई की गई।

#### शटर वाले कमरे से मिले पटाखे

एसडीओपी रोशन जैन ने बताया कि टीम ने मौके पर दबिश दी तो कमरे में प्लास्टिक कार्टूनों में पटाखे भरे मिले। पूछताछ के दौरान भवानीसिंह राजपूत का हाली अनजान निकला, लेकिन थोड़ी देर बाद शैलेन्द्र यादव नामक व्यक्ति पहुंचा और पटाखों का मालिकाना दावा किया। पंचों की मौजूदगी में कार्टून खोले गए, जिनमें विस्फोटक पदार्थ भरे हुए पाए गए।

#### लाइसेंस नहीं दिखाया

जब शैलेन्द्र यादव से पटाखे रखने और बेचने का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। ऐसे में पुलिस ने धारा 9(ख) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 288 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए करीब 10 लाख रुपये मूल्य के सभी 72 कार्टून जब्त कर लिए।

#### पुलिस टीम की सराहना

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेश यादव, सहायक उपनिरीक्षक रामकृष्ण गौर, बीप्रआर भुवनेश्वर प्रसाद, आरक्षक मुकेश, आरक्षक निखिल, मआर प्रीति और आरक्षक मोहर सिंह की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब आरोपी से सप्लाई चैन और अन्य संभावित साथियों की जानकारी जुटा रही है।

---

**जिम्मेदारों की अनदेखी से हादसा होने की संभावना**

# मनासा में स्कूल भवन हुआ जर्जर, छत की स्लैब में से दिखाई देने लगे सरिए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा**

विकासखंड के ग्राम मनासा में स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय के भवन की छत की स्लैब के नीचे का हिस्सा कई स्थानों से गिर रहा है। जिसके चलते कई जगह पर स्लैब के सरिए दिखाई देने लगे है। इसके चलते हादसे की संभावना बन रही है।

ग्राम मनासा की एकीकृत शाला का भवन जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। जोकि वहाँ पढ़ने वाले छात्र छात्राओं व शिक्षकों के लिए खतरा बन रहा है। स्कूल भवन की छत के स्लैब के नीचे की ओर से सीमेंट कांक्रीट गिर रहा है। गनीमत है कि अभी तक किसी विद्यार्थी के सिर पर नही गिरा अन्यथा कोई हादसा हो सकता था। स्कूल का बाहरी हिस्सा भी जीर्ण शीर्ण हो रहा है कई स्थानों पर शेड टूट रहा है तो अंदर व बाहर कई स्थानों पर दीवारों का प्लास्टर उखड़ चुका है। इसी जर्जर अवस्था के स्कूल में विद्यार्थी पढ़ने को मजबूर हो रहे है जोकि किसी भी दिन किसी हादसे का शिकार हो सकते है। जीर्ण शीर्ण स्कूल भवन की मरम्मत के लिए गत 26 जुलाई को शाला प्रबंधन समिति द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया था जिसे प्रधानाध्यापक द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को उसी दिन भेजा जा चुका है। लेकिन अभी तक जर्जर भवन की मरम्मत के लिए कोई आदेश जारी नही हुआ है।



**इनका कहना है**

विकासखंड के मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूलों की मरम्मत के प्रस्ताव बनाकर भेजे जा चुके है।

**दिनेश त्रिवेदी,**
बीईओ नलखेड़ा

**कई ग्रामों में है स्कूल -भवनों को मरम्मत की दरकार:** विकासखंड में ग्राम मनासा के साथ ही ग्राम सेमलखेड़ी रामनगर नान्याखेड़ी का चक आदि ग्रामों में भी स्कूल भवनों की स्थिति दयनीय है जहाँ कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इन सभी जर्जर स्कूल भवनों को तत्काल मरम्मत की दरकार है। शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन को तत्काल इस ओर ध्यान देकर प्राथमिकता पर इन स्कूलों की मरम्मत का कार्य करवा कर सभी प्रकार की आशंकाओं को दूर कर विद्यार्थियों को बेखोफ होकर अध्ययन करवाने की ओर कदम उठाना चाहिए।

---

# नवीन पाटीदार यूएस आर्मी में साइबर सिक्युरिटी ऑफिसर नियुक्त

### अपनी जन्मभूमि को नवीन ने किया गौरवांवित



**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम धरोला के लिए यह समय गौरवांवित होने का है। गांव की गलियों में खेलकर बड़े हुवे नवीन पाटीदार का अमेरिका की आर्मी में सिक्यूरिटी ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। उन्होंने अपनी प्रतिभा से अपनी जन्मभूमि को गौरवांवित किया है। तहसील के ग्राम धरोला के सरपंच रहे क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के नींव के पत्थर स्व. बद्रीलाल पाटीदार सरपंच का पोता एवं रामनिवास पाटीदार का पुत्र नवीन पाटीदार कुछ वर्ष पूर्व अध्ययन करने के लिए अमेरिका गया था। अध्ययन के दौरान नवीन पाटीदार ने अमेरिका की नागरिकता ग्रहण कर यूएस आर्मी में परीक्षा देकर परीक्षा पास की जिनका अब यूएस आर्मी में सायबर सिक्यूरिटी ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। एक छोटे से गांव से निकलकर विश्व की सबसे मजबूत आर्मी माने जाने वाली अमेरिका की सेना में इतना महत्वपूर्ण व उच्च पद प्राप्त कर धरोला व ग्रामवासियों के लिए गौरवांवित करने का कार्य नवीन पाटीदार द्वारा किया गया। ग्राम धरोला के नवीन पहले व्यक्ति है जिन्होंने अमेरिका की नागरिकता लेने के साथ ही वहाँ की सेना में उच्च पद प्राप्त किया है। नवीन पाटीदार की इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों व उनके इष्टमित्रों द्वारा उन्हें बधाई देते हुवे उज्जवल भविष्य की कामना की है साथ ही उनके पिता रामनिवास पाटीदार को भी बधाई देते हुवे उनका मुँह मीठा करवाया गया।

---

**चातुर्मास में चल रहे हैं धार्मिक प्रवचन, जैन श्रावक-श्राविकाएं ले रहे धर्मलाभ**

# जीवन में धर्म करोगे तो धन आपके पीछे भागेगा: विवर्धन सागरजी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा**

परिणामों की विशुद्धि नहीं होने पर साधना निरर्थक हो जाती है। आत्म स्वरूप के अलावा पर स्वरूप में जाने से भव भ्रमण होता है। धर्म करोगे तो धन आपके पीछे भागेगा। अन्य द्रव्य तो कारण है। भगवान बनने के लिए भक्ति तो आपको करना होगी।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज जी ने प्रवचन के दौरान यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई। मुनि श्री ने कहा कि शुभ परिणाम स्वयं को बनाने पड़ेंगे। परिणामों की विशुद्धि नहीं बना पाए तो बाहरी कारण भी हमें मोक्ष नहीं दिला सकते। निमित्त और उपादान दोनों कार्य की सिद्धि के लिए आवश्यक है। मात्र बाह्य साधना मुक्ति नहीं दिला सकती अंतरंग साधना भी मुक्ति के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा की भूतल के सभी जीव रत्नत्रय से मोक्ष मार्ग पर बढ़ सकते हैं। जीव ज्ञाता दृष्टा है। विभाव परिणति के कारण दुःखों को ही सुख मान लेते हैं। पर पदार्थ में ही हम सुख मान लेते हैं वह सुख चिरकाल तक नहीं रहेगा। आज जो मकान सुख दे रहा है 10 साल बाद वह दुःख देने लगेगा। सुख तो आत्मा में ही रहता है। संसार के सार को हम समझ नहीं पाए है।आत्मा के अनंत सुख को हम जान नहीं पाए हैं। धर्म आत्मा को छोड़कर नहीं रहता है वस्तु के स्वरूप को धर्म कहते हैं।



मुनि श्री ने कहा कि पंच परमेष्ठी के निमित्त से हम आत्मा तक पहुंच सकते हैं। आत्मा आनंद चैतन्य का धन पिंड है। देश काल बाहरी कारण है। कारण पूर्वक ही कार्य होता है। हर कार्य में कोई न कोई निमित्त होता है। जैसे रेल के इंजन के पीछे कई डिब्बे खींचे चले जाते हैं। इसमें इंजन कारण है। कारण के अभाव में कार्य संपादित नहीं होता है। मुनिश्री ने कहाकि शुद्ध आत्मा की प्राप्ति के लिए तप और त्याग की आवश्यकता है। बाहुबली स्वामी ने 1 वर्ष तक खड़े होकर घनघोर तपस्या की फिर भी केवल ज्ञान नहीं हुआ। एक अंगूठे पर खड़े होने के बाद भरत अपना मुकुट उतार कर बाहुबली के सामने जाकर कहा कि है बाहुबली यहां सारी भूमि तुम्हारी है इतना सुनते ही उनको वैराग्य हो जाता है। भोग करते-करते कभी योगी नहीं बन सकते। उन्होंने कहाकि सिद्ध भगवान को कोई विकल्प नहीं होता है अपने अनंत सुख में लीन है पांच पांडव भी परम आनंद में लीन थे। इसीलिए गरम - गरम आभूषण पहनाने पर भी दुःखी नहीं हुए। तप भी भारी कारण है। दीक्षा धारण किए बिना कल्याण नहीं हो सकता है। योग्य देश काल भी साधना में निमित्त है। साधना में क्षेत्र का भी प्रभाव पड़ता है तीर्थ स्थान पर ध्यान अधिक लगता है। क्योंकि तीर्थ स्थान की भूमि पावन व सिद्ध भूमि होती है। उस स्थान की भूमि पर कई महापुरुषों ने भ्रमण किया है जिससे वहां की कर्म वर्गणाऐ हमें प्रभावित करती है। वहा परिणामों की विशुद्धता अधिक होती है। मुनिश्री ने कहाकि फल फसल औषधि भी निश्चित ऋतु में ही फलदायी होती है। काल के प्रभाव से भी तप होता है। योग्य काल के भरोसे बैठकर मोक्ष नहीं होता है। भगवान महावीर का मोक्ष अमावस्या को हुआ इसीलिए वहां दिन दीपावली बन गया। अतः तप में उत्तम काल का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। भाव सहित तपस्या करना ही कार्यकारी होता है। देश काल का निमित्त भी तपस्या में निमित्त हो जाता है। कभी-कभी तप क्रोध में भी हेतु बन सकता है। देशकाल विशुद्धि में भी कारण बन सकते हैं और क्रोध में भी।

**खबर संक्षेप**

## बीच सड़क पर पेड़ गिरने से लगा लंबा जाम



**चापड़ा।** विगत दो तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते नेवरी मार्ग पर स्थित ग्राम तिल्याखेड़ी के समीप जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर गुरुवार दोपहर को एक विशाल शीशम का पेड़ उखड़ कर सडक पर गिर जाने से मार्ग पर कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। कई स्कूल बस जाम में फंसने के कारण छोटे छोटे बच्चे कई घंटों की देरी से घर पहुंचे। प्रशासन विभाग, व राजस्व विभाग से कोई अधिकारी कई घंटों तक मौके पर नहीं पहुंचे। पेड़ दो बजे के लगभग गिरा शाम 5 बजे तक मार्ग अवरुद्ध रहा। एक निजी वेयर हाऊस के दोनों गेट खोलकर छोटे वाहनों का आवागमन शुरू किया गया। वाहनों की लंबी कतार कई किलोमीटर तक लगी हुई थी। लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझ रहा था। बारिश के कारण कच्चे रास्ते निकलने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## नाले में बहा प्राइवेट कंपनी का कर्मचारी

**देवास।** देवास-डबलचौकी मुख्य मार्ग पर नारियाखेड़ा गांव के पास बुधवार रात एक व्यक्ति नाले में बह गया। महूढिय़ा गांव निवासी हेमंत बंशीलाल की पल्सर बाइक नाले में मिल गई है। हेमंत रोजाना देवास स्थित कंपनी में काम करने जाता था। गांव के सरपंच अश्विन चौधरी के अनुसार रपटे पर बाढ़ का पानी आने से ग्रामीणों की आवाजाही रुक गई थी। हेमंत देवास से घर लौटते समय नाले में बह गया। वह बीती रात से घर नहीं पहुंचा है। सूचना मिलते ही बरोठा थाने के टीआई अजयसिंह गुर्जर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम पांच किलोमीटर के दायरे में शव की तलाश कर रही है। प्रशासन बचाव और राहत कार्य में जुटा है। ग्रामीणों ने इस समस्या का स्थायी समाधान मांगा है। हर साल बारिश के मौसम में यह समस्या सामने आती है।

### आदतन अपराधियों के विरुद्ध जारी ऑपरेशन पवित्र के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

# बाउंड उल्लंघन पर आदतन अपराधी को वारंट के तहत गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ऑपरेशन पवित्र के तहत अब तक कुल 4636 आदतन अपराधियों को कुल 27,75,65,000/- की धनराशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस द्वारा 1 नवंबर 2024 से ज़िले में "ऑपरेशन पवित्र" प्रारंभ किया गया है , जिसके तहत आसामाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों को शांति कायम रखने हेतु अधिक से अधिक राशि से बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत बाउण्ड ओवर किया जा रहा है एवं बाउण्ड ओवर अवधि में पुनः शांति भंग करने पर धारा 141 बीएनएसएस के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए आदतन बदमाशों से बाउण्ड राशि भरवाई जा रही है अथवा राशि ना भरने पर उन्हें जेल भेजा जा रहा है ।इसी कड़ी में अपराधी शरीफ खां पिता नब्बु शाह उम्र 55 साल निवासी सतवास रोड़ कन्नौद को थाना कन्नौद पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों के चलते बीएनएसएस की सुसंगत धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए सीधे राह चलने की सख़्त हिदायत देकर शांति क़ायम रखने हेतु 01 लाख की राशि से 01 वर्ष हेतु फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया था । परंतु अपराधी द्वारा बाउण्ड अवधि में पुनः अपराध कारित कर ना सिर्फ़ शांति भंग की बल्कि बाउण्ड शर्तों का भी उल्लंघन किया गया। अनावेदक के विरुद्ध



बाउण्ड अवधि में थाना कन्नौद पर अपराध क्रमांक 200/26.03.2025 धारा 119(1),296,115(2),351(3) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया एवं बाउण्ड अवधि में बाउण्ड शर्तों का उल्लंघन करने पर धारा 141 बीएनएसएस के तहत बाउण्ड उल्लंघन की कार्यवाही प्रस्तावित कर प्रकरण कार्यपालिक मजिस्ट्रेट न्यायालय कन्नौद में पेश किया गया था । एसडीएम न्यायालय कन्नौद द्वारा संपूर्ण विचारण उपरांत धारा 141 बीएनएसएस के तहत अनावेदक के विरुद्ध गिरफ़्तारी वारंट जारी किया जिस पर थाना कन्नौद पुलिस द्वारा अनावेदक को गिरफ़्तार कर जेल दाखिल करवाया गया है । पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बताया कि "ऑपरेशन पवित्र‍ का उद्देश्य जिले में जन सामान्य को आदतन अपराधियों से भय मुक्त रखना है । इसके तहत आपराधिक इतिहास वाले ऐसे बदमाशों को चिन्हित कर शांति क़ायम रखने हेतु बाउण्ड भरवाया जा रहा है जिनके चलते आम जन में भय बना रहता है और जिनके विरुद्ध जनता शिकायत करने से भी परहेज़ करती है। उक्त बदमाशों को चिन्हित कर फाइनल बाउण्ड ओवर करवाते हुवे सीधे राह चलने की सख़्त हिदायत दी जाती है एवं बाउण्ड की शर्तों का उल्लंघन करने पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे उनसे बाउण्ड की बड़ी धनराशि वसूली जाती है या उन्हें जेल भेजा दिया जाता है । पुलिस कप्तान के अनुसार "ऑपरेशन पवित्र" के चलते जहां एक तरफ़ आदतन अपराधियों द्वारा घटित अपराधों की संख्या लगातार घट रही है वहीं दूसरी तरफ़ ज़िले में कुल अपराधों में भी कमी आई है और ज़िले में शांति व्यवस्था स्थापित होकर आम जनता को आदतन बदमाशों के भय से मुक्ति मिली है ।उल्लेखनीय है कि 1 नवंबर 2024 से जारी ऑपरेशन पवित्र के तहत आज दिनांक तक कुल 4636 आदतन अपराधियों को कुल 27,75,65,000/- की धनराशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया है। धारा 141 बीएनएसएस के तहत कुल 245 बाउण्ड उल्लंघन प्रकरण कार्यपालिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रस्तुत किए गये है,जिनमे कुल 52 प्रकरण में अंतिम निर्णय प्राप्त कर कुल 23 अनावेदकों को जेल भेजा गया है एवं कुल 9,20,000/- रुपये की राशि शासन पक्ष द्वारा वसूल की गई है।

# मनरेगा अभियंता संघ के उपयंत्री 10 दिवसीय अवकाश पर

**8 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मनरेगा अभियंता संघ मध्यप्रदेश के आव्हान पर मनरेगा अभियंता संघ जिला देवास के समस्त उपयंत्री अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर 10 दिनों के अवकाश पर चले गए है। संघ के जिला अध्यक्ष इंजीनियर विनोदचंद्र नायर ने बताया कि कई वर्षों से लंबित मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को अवगत कराया जाता रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। जिसके चलते वे अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर उपयंत्री अवकाश पर चले गये है। इंजीनियरों के अवकाश पर जाने से पंचायतों के कामकाज प्रभावित हो रहे है। वही अपनी मांगों को पूरा कराने के लिये अभियंता संघ के इन इंजीनियरों ने देवास जिले के सभी विधायकों से भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही मांग पत्र का ज्ञापन भी प्रेषित किया है। यही नहीं अभियंता संघ नें जिले के सभी विधायकों से मांगो को लेकर समर्थन मांगा है। बताया कि अभियंता संघ की मांगों को लेकर देवास विधानसभा विधायक गायत्रीराजे पवार, खातेगांव-कन्नौद विधायक आशीष शर्मा, सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, बागली विधायक मुरली भंवरा, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने मनरेगा उपयंत्रियों को अपना समर्थन दिया है। सभी विधायकों नें समर्थन के साथ साथ मुख्यमंत्री को मांगपूर्ति हेतु अनुशंसा पत्र लिखे है। वही अभियंता संघ द्वारा चेतावनी दी है कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर सभी अभियंता आगामी समय में दीर्घकालीन अवकाश पर चले जायेगें। फिलहाल में उपयंत्रीगण अवकाश पर है। जिसका असर कामकाज पर दिखाई पड़ रहा है। जिले के तमाम जनपदों में कार्यरत उपयंत्रीगण इस समय अवकाश पर है। इस दौरान जिले के समस्त मनरेगा अभियंता संघ के सदस्य उपस्थित थे।

# बागली पुंजापुरा मार्ग पर अवैध शराब से भरा 4 पहिया वाहन आबकारी विभाग ने किया जब्त


हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



लंबे अरसे के बाद आबकारी विभाग की बागली में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई देखने को मिली। बुधवार देर रात्रि में बागली पुंजापुरा मार्ग पर अमोदिया गांव में घेरा बंदी कर एक चार पहिया वाहन को रोककर चेकिंग की गई तो उक्त वाहन में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब भरी हुई थी। आबकारी विभाग के अधिकारी ने शराब सहित वाहन को जप्त कर कार्रवाई की है।आबकारी अधिकारी बागली देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर उक्त कार्रवाई करते हुए वाहन व शराब जप्त की गई। उक्त कार्यवाही में चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 09-ज़ेडके-1294 से 10 पेटी देशी प्लेन मदिरा और 5 पेटी बीयर कुल 15 पेटी 150 बल्क लीटर देशी/विदेशी मदिरा परिवहन करते हुए जप्त की गई है। विभाग द्वारा धारा 34(1) एवं 34(2) के प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जप्त शराब एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग 5,52,000 है। उक्त कार्यवाही में बागली वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक डी. पी. सिंह, आबकारी आरक्षक राजेश जोशी, सुरेन्द्र वरसी एवं गीतेश सम्मिलित रहे।

# पक्षियों की रंगीन दुनिया ने मोहा सबका मन, दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का हुआ भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



विश्व छायांकन दिवस के अवसर पर देवासवासियों को एक अनोखा दृश्यावलोकन अनुभव करने को मिला, जब मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में विख्यात फोटोग्राफर मोहन सिंह राजपूत द्वारा दो दिवसीय पक्षी फोटोग्राफी प्रदर्शनी आयोजित की गई। बुधवार रात्रि 9 बजे इस शानदार प्रदर्शनी का समापन हुआ। प्रदर्शनी के समापन अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में विधायक गायत्री राजे पवार ने उपस्थित होकर फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद शहर के प्रमुख सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधियों कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, मनोज राजानी, पूर्व महापौर ठाकुर जयसिंह, जैनेन्द्र सिंह पवार, वरिष्ठ पत्रकार अनिलराज सिंह सिकरवार, तंवर सिंह चौहान, भगवान सिंह चावड़ा, रितेश त्रिपाठी, देवेन्द्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, रईस खान, शकील कादरी, राजेश परमार एवं महेन्द्र सिंह राजपूत सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और फोटोग्राफर मोहन सिंह राजपूत के कार्य की सराहना की। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों की खींची गई सजीव और सुंदर छवियां देखने को मिलीं, जिन्होंने प्रकृति प्रेमियों का मन मोह लिया। कुछ तस्वीरों में पक्षियों के उड़ान भरते पल, भोजन करते क्षण और प्राकृतिक परिवेश में उनका स्वाभाविक जीवन दर्शाया गया, जो दर्शकों को रोमांचित कर गया। कार्यक्रम का संचालन सलीम मामू द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन पोप सिंह परिहार ने किया। यह प्रदर्शनी न सिर्फ एक फोटोग्राफर की कला का प्रदर्शन थी, बल्कि लोगों को पक्षियों के संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता से भी जोडऩे का माध्यम बनी।

# विश्व मच्छर दिवस पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन हुआ




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विश्व मच्छर दिवस पर बुधवार को जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य संस्थाओं में आने वाले मरीजों की मलेरिया कीट के द्वारा जांच की गई। मच्छर से बचाव के बारे में जानकारी और परामर्श दिया गया। जिला मलेरिया कार्यालय सहित ब्लॉक की विभिन्न संस्थाओं में शपथ समारोह का आयोजन किया भी गया। जिसमें मच्छर जनित बीमारियों के प्रभाव को रोकने के लिये सभी आवश्यक कदम उठाने और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने का संकल्प लिया गया। जिले में मलेरिया विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया जैसी वाहक जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए निरन्तर कार्य करते हुए जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में नियमित लार्वा और फीवर सर्वे कराया जाकर संक्रमित व्यक्तियों उपचार किया जा रहा है।

# एक दिवसीय आपदा प्रबंधन जन जागृति कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एक दिवसीय आपदा प्रबंधन जन जागृति कार्यक्रम का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर देवास में किया गया। जिसमें देवास, खातेगांव, सोनकच्छ, नेमावर, सिया के लगभग 100 सिविल डिफेंस वालंटियर शामिल हुए। जन जागृति कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संभागीय सेनानी उज्जैन रोहिताश कुमार पाठक शामिल हुए।कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने वॉलेंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र के लीडर हैं। आपदा में कार्य करने वाला हर व्यक्ति लीडर है। इसके लिए वॉलेंटियर्स को अपनी क्षमता को लगातार बढ़ाने और नई तकनीकों को सीखने की सलाह दी।

उन्होंने देवास जिले के सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की और डिस्ट्रिक कमांडेंट को धन्यवाद देते हुए उन्हें और प्रेरित किया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि देवास में अन्य जिलों की तुलना में अधिक सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स हैं, जो गर्व की बात है। संभागीय सेनानी उज्जैन ने कहा जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर की टीम बहुत अच्छा कार्य कर रही है। देवास की सिविल डिफेंस वॉलेंटियर ने अपने बहुत उम्दा तरीके से कार्य कर प्रदेश में अपना स्थान बनाया है।



उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन की यह स्कील जीवन में बहुत काम आएगी, जिसके द्वारा हम आई आकस्मिक आपदा से निपट कर उसको अपने कंट्रोल में कर सकते हैं।जन जागृति कार्यक्रम अंतर्गत सिविल डिफेंस के प्रशिक्षणर्थियों को बाढ़, सांप के काटने पर उपचार, प्राथमिक चिकित्सा, आकाशीय बिजली से रोकथाम संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। जन जागृति कार्यक्रम का उद्देश्य आमतौर पर आपदा प्रबंधन नागरिक सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को जागरूक करना एवं सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स की भूमिका एवं उनके महत्व को समझाना रहा है। संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट डॉ मधु राजेश तिवारी होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की टीम द्वारा किया गया। सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स मास्टर ट्रेनर यशवंत जोशी, राजेश जोशी एवं लोकेश जाटव का भी विशेष योगदान रहा।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के मार्गदर्शन में लोक अदालत के संबंध में बैठक हुई

# राजीनामा कर प्रकरण का कर सकते हैं निराकरण: मिश्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में 13 सितंबर शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में गुरुवार को दोपहर 2 बजे मुख्यालय देवास से न्यायाधीशगणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र ने उपस्थित न्यायाधीशगणों को निर्देशित किया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित एवं वादपूर्व समझौता योग्य आपराधिक, सिविल, पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण-पोषण मामले, विद्युत चोरी प्रकरण, चैक बाउन्स, बैंक रिकवरी, श्रम मामले, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, भू-अर्जन, नगर निगम के जलकर एवं संपत्तिकर, बीएसएनएल के प्रकरण आदि विषयक प्रकरणों का निराकरण किए जाने हेतु सूचना - पत्र जारी किए जाए प्रकरणों को चिन्हित कर उन्हें राजीनामें हेतु लोक अदालत में रखे जिससे कि अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो सके। बैठक में विशेष न्यायाधीश/ प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत सुमन श्रीवास्तव, वंदना जैन प्रधान जिला न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, विकास शर्मा



अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड़ पंचम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार पाटीदार तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह भेरावत चतुर्थ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, डॉ. रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीलेन्द्र कुमार तिवारी न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, दीक्षा मौर्य न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, युवराज सिंह न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, निकिता वार्ष्णेय पाण्डे न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, प्रियांशु पाण्डे न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, किरण सिंह न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, रश्मि अभिजीत मरावी न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सौरभ जैन न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, चंद्रा पंवार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं सैय्यद दानिश अली पीठासीन अधिकारी श्रम न्यायालय देवास उपस्थित रहे। साथ ही उक्त प्रकरणों के निराकरण हेतु समस्त संबंधित पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किए जाने नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु बीमा कंपनियों, विद्युत विभाग, बैंक, नगर निगम आदि के साथ प्रिसिटिंग आयोजित की जाना हैं। नेशनल लोक अदालत में बीमा कंपनियों, विद्युत कंपनी, बैंक, नगर निगम एवं बीएसएनएल के प्रकरणों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारीगण न्यायालय परिसर में ही स्टॉल लगाकर उपस्थित रहेंगे। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण होने पर पक्षकारों को स्मृति के रूप में एक-एक पौधा भेंटकर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण कराने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों एवं बैंक रिकवरी के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार विशेष छूट दी जाएगी। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र द्वारा आमजन से अपील की गई कि- पक्षकार संबंधित न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर नेशनल लोक अदालत में राजीनामा कर प्रकरण का निराकरण करा सकते हैं। लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर मामले का शीघ्र और बिना किसी व्यय के निराकरण होता है इससे पक्षकारों के बीच का प्रेम और स्नेह बना रहता है। नेशनल लोक अदालत में दीवानी एवं चैक अनादरण से संबंधित प्रकरणों में न्याय शुल्क की राशि की नियमानुसार वापसी होती है जिससे पक्षकारों को अतिरिक्त लाभ होता है। अतः अधिक से अधिक पक्षकार इस अवसर का लाभ उठाए।

# पूर्व विधायक ने बागली विधानसभा का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बागली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे ने एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान घाट निचे क्षेत्र के गांव कालीरातड़ी में चल रही शिव महापुराण कथा के दौरान मंगलवार को बागली विधानसभा के पुर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे ने कथा में पहुंचकर कथा वाचक का पुष्प माला से अभिनंदन किया। कन्नौजे ने कथा स्थल पर श्रोताओं के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के कार्यकर्ता भी कन्नौजे के साथ उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने कन्नौजे का स्वागत किया। उदयनगर क्षेत्र सहित हाटपिपल्या विधायक मनोज चौधरी के यहा भी कन्नौजे ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### यकायक तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत

**ललितपुर।** मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम रोंडा में रहने वाले विकेश पुत्र मिट्ठूलाल रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 37 वर्षीय बहन प्रवेश की शादी सिलगन निवासी प्रेमनारायण के साथ हुयी थी। करीब आठ वर्ष पहले उसकी बहन के पति की बीमारी के चलते मौत हो गयी थी। इसके बाद उसकी बहन अपने ससुराल में ही रहती थी और अस्पताल में काम करते हुये अपना भरण-पोषण करती थी। बताया कि गांव में ही रहने वाला सोनू यादव पुत्र फूलसिंह यादव उसकी बहन को अक्सर परेशान करता था और पीछा करते हुये आये दिन छेड़छाड़ करते हुये धमकाता था। पीड़ित के अनुसार उसकी बहन से सोनू ने बहला-फुसलाकर 60 हजार रुपये उधार भी लिये थे, जो मांगने पर वापस नहीं कर रहा था। पीड़ित ने आगे बताया कि बीती 18 अगस्त को वह अपनी बहन को भोपाल से ललितपुर ला रहे थे। तभी स्टेशन पहुंचने पर उसकी तबीयत खराब हो गयी, जिस पर वह उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसकी बहन को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी बहन की मृत्यु सोनू के कारण हुयी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सोनू यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एक्सीडेंट केस में दोषी को मिली सजा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अभियुक्त मोहल्ला नदीपुरा निवासी वहीद खां पुत्र गफूर खां के विरूद्ध थाना मड़ावरा में मु.अ.सं. 511/2007 धारा 279, 337, 338, 304ए आईपीसी का अभियोग पंजीकृत हुआ था। इसमें डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था। इस प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी, जिसमें थाना मड़ावरा पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय एसीजेएम महरौनी ने वहीद खां को दोषी पाते हुए 01 वर्ष के कारावास व 4500 रूपये की धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### विश्वकर्मा योजनाः 74 उम्मीदवार प्रशिक्षित हुए

**विदिशा।** पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आईटीआई की चिन्हित ट्रेडो के उम्मीदवारों को आईटीआई द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विदिशा के प्राचार्य द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कुल 74 उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जो बुधवार 20 अगस्त को सम्पन्न हुआ है। उक्त प्रशिक्षण में लाकस्मिथ के 19, मालाकार के 27 और साफटटॉय बनाने हेतु 28 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। आईटीआई के प्राचार्य एपी श्रीवास्तव ने बताया कि शासकीय आईटीआई में सभी 18 जाबरोल के पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण मुहैया कराया जा रहा है। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को उनके बैंक खातों में प्रशिक्षण भत्ता, यात्रा भत्ता एवं लोन की राशि प्रदाय की जाएगी।

### दो प्रकरण में आरोपी की सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना गंजबासौदा एवं थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज प्रकरण के फरार आरोपियों की सूचना देने या गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले को पांच हजार रूपए का इनाम देने की घोषणा की है। फरार आरोपी गोलू पुत्र प्यारेलाल अहिरवार निवासी ग्राम स्वरूपनगर, बैतोली थाना गंजबासौदा शहर और सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपी नितिन पुत्र उमेद सिंह सेन निवासी नौलाश थाना ग्यारसपुर की सूचना देने या गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए 3 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

## किसान दिवस पर प्रशासन किसान आमने-सामने

# अतिवृष्टि से फसलों के हुए नुकसान मुआवजे व फसल की तैयारी पर विचार





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार ललितपुर में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में उपस्थित किसानों द्वारा आगामी रबी में सिचाई की व्यवस्था हेतु जनपद के सभी बाधों में शतप्रतिशत पानी भरने की व्यवस्था तथा 15 अक्टूबर तक नहरें चालू कराने की मांग की गयी। कृषकों द्वारा मांग की गयी कि मण्डी का कियान्वयन 6 कार्य दिवसों का रखा जाये ताकि कृषकों का अनाज सही समय पर कय किया जा सके। कृषकों द्वारा वर्तमान खरीफ में हुई अतिवृष्ट के कारण नष्ट हुई फसलों की ससमय सर्वे रिपोर्ट शासन को प्रेषित करते हुये जनपद को आपदा ग्रस्त घोषित कराते हुये कृषकों को राजस्व तथा बीमा कम्पनी द्वारा उचित मुआवजा दिलाये जाने हेतु ज्ञापन सौपा गया। कृषकों द्वारा सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, अग्रणी बैंक, विजली विभाग, सिचाई विभाग से सम्बन्धित समास्यों के बारे में अवगत कराया गया जिनका निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसान दिवस में कृषकों द्वारा उठाई गयी समस्या का निस्तारण करते हुये आगामी किसान दिवस में स्वयं उपस्थित हो तथा किसी भी परिस्थिति में अनुपस्थिति स्वीकार्य नहीं की जायेगी। राजीव भारती जिला कृषि अधिकारी द्वारा आगामी समय में खाद एवं बीज आपूर्ति हेतु आश्वासन दिया गया तथा बीज गोदामों पर उपलब्ध कीटनाशकों की जानकारी देते हुये कृषकों को उनकी उपयोगिता के बारे में अवगत कराया गया। किसान दिवस में दीपक यादव परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास, भगवान सिंह मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डा० मुकेशचन्द्र, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र, रंजीत कुमार, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक, डी०के० सुहेरा अधिशाषी अभियंता सिंचाई आदि विभाग के अधिकारीगण एवं कृषक पहाड सिंह यादव, आनन्द देवलिया, राजपाल यादव, आशीष कौशिक, ऊदल पटेल, नवनीत शर्मा, जगदीश प्रसाद, बाबूलाल दुबे आदि उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किसानों को वितरित की जायेगी तोरिया निशुल्क बीज मिनीकिट

ललितपुर । राज्य सहायतित निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत अपर कृषि निदेशक ( तिलहन एवं दलहन) उप्र कृषि भवन लखनऊ के द्वारा जनपद को तोरिया बीज के निःशुल्क मिनीकिट प्राप्त हुये हैं। उक्त मिनीकिट हेतु पर कृषि निदेशक ( तिलहन एवं दलहन) उप्र कृषि भवन लखनऊ के द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों द्वारा मिनीकिट प्रदर्शन हेतु निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिये ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा। लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर आवेदकों के मध्य ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। इसके उपरान्त चयनित कृषक को पी० ओ०एस० मशीन के माध्यम से निःशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट दिया जायेगा। उक्त मिनीकिट हेतु 15 अगस्त से बुकिंग शुरू है 31 अगस्त तक पोर्टल पर कृषकों द्वारा बुकिंग की जा सकती है।

## सोशल मीडिया पर

# गुरुओं के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी, जैन समाज का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जैन समाज महिला मंडल सहित सड़कों पर प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया । जिसमें सागर निवासी रेखा जैन पिता स्वर्गीय श्री गुलाबचंद जैन द्वारा अपने मोबाईल से कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुपों में संदेशों के माध्यम से आचार्य श्री विद्यासागर, आचार्य समय सागर प्रभावना ग्रुप के विभिन्न समूहों पर जैन मुनियों पर अमर्यादित भाषा एवं धर्म विरोधी तथा जैन धर्मावलम्बियों को घृणा उत्पन्न करने वाले संदेश डाले गए। जिसमें जैन धर्म के सिद्धान्तों एवं परम्पराओं की घोर निन्दा की है जिससे देश भर की संपूर्ण जैन समाज को आघात हुआ है और समाज में काफी रोष व्याप्त है। इसके साथ ही रेखा जैन द्वारा पिछले कई वर्षों से राष्ट्रीय संत मुनि सुधासागर जी महाराज को लेकर भी अमर्यादित भाषा एवं सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणियां करते हुए संदेश प्रचारित / प्रसारित किया है। स्मरण रहे संत सुधासागर महाराज भारतवर्ष के ही नही बल्कि विश्व के सर्व समाज के जाने माने जैन संत है। जैन समाज ही नहीं बल्कि सर्व समाज के धर्मावलम्बियों की आस्था है। जानबूझकर जनभावनाओं को भड़काने के उद्देश्य एवं दुर्भावनापूर्ण इरादे से जो संदेश प्रचारित प्रसारित किया गया वह आधारहीन, तथ्यहीन एवं अशिष्ट भाषा का प्रयोग करते हुए किया गया है। कथित महिला द्वारा विद्वेषपूर्ण आशय से सभी वर्गों एवं धार्मिक विश्वासों का अपमान करने के उद्देश्य से उक्त कथित संदेश प्रचारित / प्रसारित किया गया है जिससे मुनि सुधासागर महाराज एवं उनके अनुयायीयों तथा उनमें आस्था रखने वाले धार्मिक व्यक्तियों की भावनाए आहत हुई एवं धार्मिक विश्वासों का अपमान हुआ है। मुनि सुधासागर महाराज ने अपने उपदेशों से जैन जैनेतर बन्धुओं का कल्याण किया है उनकी प्रेरणा एवं आर्शीवाद से देशभर में सैकड़ों सामाजिक एवं धार्मिक कार्य सम्पादित किये है। जैन समाज के सैकड़ों लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से उपरोक्त तथ्यों एवं व्हाट्सअप एवं फेसबुक पर जारी किये गये संदेश के सम्बन्ध में उक्त कथित व्यक्ति के विरूद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

# एक सेकंड में बेरोजगारों छात्र-छात्राओं को दिलाया रोजगार, काउंसिलिंग की

## सेवायोजन कार्यालय में कैंपस प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिला सेवायोजन कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,में एक दिवसीय रोजगार मेले (कैम्पस प्लेसमेंट) का आयोजन किया गया। साथ ही रोजगार मेले में उपस्थित हुए छात्र-छात्राओं की प्री-प्लेसमेण्ट काउन्सिलिंग भी करायी गयी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्थान के प्रधानाचार्य राजपाल सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया । आकाँक्षा यादव, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, द्वारा रोजगार मेले में उपस्थित छात्र/छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी तथा अपनी योग्यतानुसार कम्पनियों का चयन कर रोजगार मेले में लाभान्वित होने हेतु प्रेरित किया । कार्यक्रम में काउन्सलर कपिल शुक्ला ने अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु रोजगार के विभिन्न आयामों की सम्भावनाओं से परिचित कराया गया। रोजगार मेले में प्रतिभागी 139 कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार उपरान्त कुल 110 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के प्रधानाचार्य राजपाल सिंह द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया । सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके शिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस अवसर पर संस्थान के अनुदेशक चन्द्रभान प्रजापति, फोरमैन अनूप कुमार नामदेव व जिला सेवायोजन कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चार दिन से गायब था पापड़ व्यापारी

# शव टीकमगढ़ रेल लाइन किनारे क्षत विक्षत मिला

**ललितपुर।** शहर के मुहल्ला नजाई वाजार चर्चित पापड़ व्यापारी राजीव जैन उर्फ़ सोनू की गुमशुदगी का मामला रहस्यमयी मोड़ पर पहुँच गया है। पिछले करीब चार दिन से लापता चल रहे व्यापारी का शव बुधवार की शाम हाइवे से सटे कोतवाली क्षेत्र के गाँव रोंड़ा स्थित रेलवे पुल के पास झाड़ियों में क्षत विक्षित अवस्था पड़ा मिला।

घटना की जानकारी मिलते ही पूरे शहर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुँचकर जाँचपड़ताल की । व्यापारी के लापता होने के बाद से उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था। मृतक की पहचान उसके कपड़ों से हुई थी। सब मिलने के 24 घंटे बाद भी व्यापारी की मौत की गुत्थी सुलझा नहीं पाई है। व्यापारी की मौत क्यों ओर कैसे हुई यदि उसने आत्महत्या की है तो इसके पीछे कारण क्या रहा। यदि लोगों की दबी जुबान की माने ने तो व्यापारी के ऊपर भारी भरकम कर्ज का बोझ था जिसको लेकर वह परेशान चल रहा था। शहर के नजाई बाजार स्थित जयसवाल बाड़ा निवासी 38 वर्षीय राजीव जैन पापड़ और गल्ले का कारोबार करते थे और पिछले 12 वर्षों से इस व्यवसाय से जुड़े हुए थे। सोमवार रात लगभग 9 बजे उन्होंने अपने



बड़े भाई राजेश जैन से फोन पर बातचीत की थी, और बताया था कि वे रेलवे स्टेशन पर हैं तथा शीघ्र घर पहुँच रहे हैं। इसके बाद उनका मोबाइल फोन बंद हो गया और देर रात तक घर नहीं लौटे। कई बार फोन लगाने के बाद जब फोन स्विच ऑफ आया, तो चिंतित परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सदर थाने में दर्ज कराई। खोजबीन के दौरान पुलिस को राजीव जैन की स्कूटी झांसी हाईवे पर स्थित रेलवे पुल के पास खड़ी मिली थी और वहीं रेलवे ट्रैक पर उनकी टोपी भी बरामद हुई थी, इससे मामला और पेचीदा हो गया। पुलिस ने जीआरपी की मदद से रेलवे लाइन पर गहन तलाशी अभियान चलाया। इस तलाशी अभियान के दौरान टीकमगढ़ रेलवे लाइन पर बने पुल के पास झाड़ियों में एक शव बरामद हुआ। कपड़ों और पहचान के आधार पर परिजनों ने शव की शिनाख्त राजीव जैन के रूप में की।

व्यापारी का शव मिलते ही परिवार और व्यापारिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया और साक्ष्य एकत्र किए। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक के सब मिलने के 24 घंटे बाद का समय बीतने तक पुलिस के हाथ खाली थे पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं हो सकी थी कि व्यापारी की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है इसके बाद यह भी स्पष्ट नहीं हो सका कि यदि आत्महत्या की है तो उसके पीछे कारण क्या रहा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है और व्यापारी से जुड़े हुए लोगों से पूछताछ कर मौत के कारणों को जानने का प्रयास कर रही है। हालांकी कुछ लोग जब-जबी जुबान में पता रहे हैं कि मृतक पर भारी भर काम कर्ज था जिसको लेकर वह परेशान था, हालांकि स्पष्ट रूप से किसी ने इसकी पुष्टि नहीं की।

## 20 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# पीएनबीआरसेटी ने अचार,पापड़ व मसाला पाउडर बनाना सिखाया



ललितपुर। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व-उचयरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा स्व-उचयरोजगार से जोड़ने हेतु -रु39 शासन की मंशा के अनुसार घरेलू कार्यो में निपुण ब्लॉक बिरधा की 35 स्वयं सहायता समूह/बीपीएल महिलाओं को आरसेटी द्वारा 20 दिवसीय अचार, पापड़ एवं मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया गया । समापन समारोह के अवसर पर निदेशक आरसेटी सतीश चन्द्र वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्टेट डायरेक्टर ऑफ आर सेटी रशमेन्द्र कुमार सक्सेना का स्वागत किया । मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि कार्यक्रम का उद्धेश्य महिलाओं को सफल उद्यमी बनाकर अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना ट्रेनिंग का उद्धेश्य हैं। कार्य शुरू करने में यदि बैंक सहयोग द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वह सदा ही सभी के लिये तत्पर तैयार रहेगे। अचार, पापड, जैम, जैली बनाकर अपनी आय मे इजाफा कर अपने व परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना ही एक सफल उद्यमी का उद्धेश्य होना चाहिए। निदेशक आरसेटी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि यहां कि आर्थिक स्थिति कृषि पर ही आधारित हैं यदि उसके साथ-उचयसाथ महिलायें अचार पापड़ बनाकर घर पर अपने कार्य को शुरू करके उसे आधुनिक रूप देकर अपनी आय में वृद्धि करके आगे बडे जिससे उन्हे किसी पर निर्भर नही रहना पड़े। परम्परागत कार्य में करने में और प्रशिक्षण प्राप्त करके कार्य को करके एक सही दिशा दी जाती है। जिससे आप असफल न हो। महोबा से आयी स्किल टेज्नर नीलम चौरसिया द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। जो सीखा उसका सद्उपयोग कर अपने कार्य क्षेत्र में उपयोग कर आगे बडे जिससे उनकी पहचान एक सफल उद्यमी के रूप में हो सके। वरिष्ठ इन हाउस फैकल्टी कोर्स कोर्डीनेटर रूपेन्द्र श्रीवास्तव नेप्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाऐं देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण को सर्वोत्कृष्ठ बनाने में -हजयांसी से आये असेसर रामकुमार वर्मा व महोबासे आयी साधना द्वारा प्रशिक्षण की सराहना की गयी । महिलाओं ने 20 दिनों तक नियमितपूर्ण मन से टेज्निंग प्राप्त की प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि व निदेशक आरसेटी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-उचयपत्र वितरण कर शुभ आर्शीवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सफल उद्यमी बनने हेतु हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समस्त स्टॉफ में इन हाउस फैकल्टी आकांक्षा खरे, कार्यालय सहायक नंदकिशोर, सुनील कुमार, राजीव रैकवार उपस्थित रहे।

# मंडी सहायक कार्यालय में दस्तावेज फाड़ने के साथ मारपीट करने का आरोप भी लगाया

## मां-बेटी व पिता पर एफआईआर दर्ज, जांच-पड़ताल शुरू

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत मोहल्ला पण्डा कालोनी में रहने वाले सप्निल कुमार त्रिपाठी पुत्र स्व.कैलाश नारायण ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह मण्डी समिति महरौनी में मण्डी सहायक के पद पर कार्यरत है। पिछले दिनो वह समिति में अपने पटल पर कार्य कर रहा था। तभी मण्डी कालोनी में रहने वाले गिरजेश कुमार जो कि पूर्व में मण्डी सहायक थे अब सेवानिवृत्त हैं की पत्नी मीना तिवारी ने कार्यालय में अंदर आकर पति गिरजेश कुमार द्वारा किये गये गबन के कागजात दिखाने की बात कही। इस पर उन्होंने गबन के कागजात दिखाने से मना कर दिया। इस पर मीना तिवारी आवेश में आकर टेबिल पर रखे कागजात व अन्य सरकारी कागजात फाड़कर फेंकने लगी और मना करने पर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुये पटल पर ही उसके साथ मारपीट करने लगी मीना तिवारी के साथ उसकी बेटी, भी पिता भीमशंकर मिश्रा के सहयोग से मारपीट करने लगी। मारपीट के बाद से सोने की चेन भी गायब है। घटना को कार्यालय में में काम करने वाले कर्मचारी अंकित तिवारी, शरद परिहार, बृजेन्द्र यादव, मण्डी सचिव अनूप कुमार यादव, रामस्वरूप नामदेव आदि ने बचाया। इस प्रकार सरकारी कार्य में बाधा पहुंचायी गयी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गयी।

# मेडिकल की दुकान पर ग्रामीण के साथ मारपीट जान से मारने की दी धमकी

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नेहरू नगर देवगढ़ रोड पर स्थिति एक मेडिकल पर गांव से दवाई लेने आए एक ग्रामीण के साथ मोहल्ले के ही विपक्षियों ने सरेआम गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम सिवनी खुर्द निवासी सुरेंद्र पुत्र जवाहर सिंह ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दो दिन पूर्व वह मोहल्ला नेहरू नगर स्थित एक मेडिकल पर दवाई लेने के लिए आया था। इसी दौरान उसका विवाद मोहल्ला नेहरू नगर निवासी जयवीर पुत्र जगत सिंह के साथ हो गया था। इस विवाद के दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित जयवीर ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उसके साथ जमकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## वर्तमान युवा असंतोष का वैदिक समाधान विषय पर कार्यशाला हुई

# प्राचीन वेद व पुराणों में ज्ञान का भंडार हैः डॉ सुडेले

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ, में भारतीय संस्कृति पर आधारित वर्तमान युवा असंतोष का वैदिक समाधान विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार से सम्बन्धित गायत्री परिवार के प्रचारक भारती नायक एवं प्रीतम सिंह राजपूत ने छात्र/छात्राओं को भारतीय प्राचीन संस्कृति की जीवन में सार्थकता के बारे में ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डायरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच, भारती नायक एवं प्रीतम सिंह राजपूत ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे प्राचीन वेद एवं पुराणों में ज्ञान का भण्डार है। हमें उनका अध्ययन करने की आवश्यकता है, केवल हमारी श्रद्धा होनी चाहिये। क्योंकि श्रध्दावांल्लभते ज्ञानम। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि हमारी संस्कृति विश्व की श्रेष्ठतम् संस्कृतियों में से एक है। हमारे देश के ऋषियों एवं मुनियों ने विश्व को जीवन का उद्देश्य एवं मानव कल्याण के लिये मागदर्शन किया है। हमें युवा पीढ़ी को आध्यात्मिक शिक्षा देना आवश्यक है। जिससे वे प्राचीन संस्कृति से जुडे एवं उनका अंसोष दूर हो सके। उन्होंने आगे कहा कि-

**माता शत्रुः पिता बैरी येन बालो न पाठितः।**
**न शोभते सभा मध्ये हंसं मध्ये वकोयथः ।।**

भारती नायक ने कहा कि विद्यार्थी के पाँच गुण होना चाहिये काक चेष्ठा, वको ध्यानं, श्वान निद्रा तथैव च अल्पहारी, गृहत्यागी विद्यार्थी पंच्चलक्षणम्। प्रीतम सिंह राजपूत ने कहा कि हमें छात्र/छात्राओं को नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा पर बल देना चाहिये। जिससे वे संस्कारी बन सकें, और हमारी संस्कृति के पारंपरिक अस्तित्व को बनाये रखें। उन्होंने आगे कहा कि ऋते ज्ञानान न मुक्तिः अर्थात बिना ज्ञान के मुक्ति नहीं मिलती है।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और अंग्रेजी प्रवक्ता जगतराज ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू एच आर गौतम, मुबीन खान आदि मौजूद रहे।

दुकानदार न ही देते हैं मांगने पर ग्राहकों को बिल, सरेआम खुले में पिला रहे शराब

# ओवर रेट शराब बेचना हुआ आम ग्राहकों को ठगते शराब ठेकेदार

## बस स्टैंड पर पसरी हुई है गंदगी, यात्रियों का निकलना भी मुश्किल हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

हिमालया ट्रेडर्स लायसेंस के तहत संचालित होने वाली देशी व अंग्रेजी शराब दुकान पर मनमानी का बोल बाला है। ग्राहकों को मन माने दामों पर शराब बेची जा रही है और कोई देखने वाला भी नही है। आबकारी विभाग की लापरवाही के चलते ठेकेदार ने अपनी मनमानी शुरू कर दी है। हालात यह है कि मांगने पर न ही किसी ग्राहक को बिल दिया जा रहा और न ही सही रेट पर मदिरा ही उपलब्ध करवाई जा रही। शहर में तीन अलग - अलग ठेकेदारों की शराब दुकाने है परंतु सबसे महंगी शराब ब्यावरा बस स्टैंड पर बेची जा रही है जो कि प्रिंट रेट से 25 प्रतिशत तक ज्यादा देखी गई है। इस तरह हिमालया ट्रेडर्स द्वारा संचालित शराब ठेकेदारों द्वारा ग्राहकों से लूटपाट की जा रही है जिस पर विभाग को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और मांगने पर बिल भी उपलब्ध करवाना चाहिए।




### इनका कहना है

यदि ऐसा है तो मैं दिखवा लेती हूं। यदि सच पाया जाता है तो फिर कार्रवाई की जाएगी।

**पूजा, आबकारी अधिकारी वृत ब्यावरा**

### बस स्टैंड पर शराब दुकान से फैल रही गंदगी

हालात यह है कि बस स्टैंड के मुख्य द्धार पर शराब दुकान होने से वहां से यात्रियों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। महिलाओं और बच्चियों का निकलना बेहद मुश्किल होता जा रहा है वहां पर दिन भर शराबियों का जमाबडा लगा रहता है और जिम्मेदार मौप साधे हुए है। इस बारे में अधिकारी भी चुप्पि साधे हुए है परंतु क्यों ठेकेदारों के पक्ष में काम करने को मजबूर है?

### ज्यादा रेट में बेचकर कमा रहे मुनाफा

हिमालया ट्रेडर्स की बस स्टेंड दुकान के हाल यह है कि प्रिंट रेट से ज्यादा में शराब बेची जा रही है और यदि उसका बिल मांगा जाता है ता देने से मना कर दिया जाता है। बुधवार को भी यही हुआ ज्यादा रेट में बेची गई दारू का जब बिल मांगा गया तो सेल्समेन ने बिल देने से इंकार कर दिया।

# बच्चों की सुविधा हेतु शासकीय स्कूलों में आधार कैंप का किया शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

बच्चों को आधार कार्ड में आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा राजगढ़ की पहल पर बीआरसी सारंगपुर के माध्यम से सारंगपुर विकासखण्ड अंतर्गत आधार सेंटरों का शुभारंभ किया गया। वहीं विकास खंड के शा. उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर, शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचोर, शा.उ.मा.वि. धामन्दा और शा.उ.मा.वि. भ्याना में आधार केम्प का आयोजन किया जाएगा। बीआरसी बी.एल. वर्मा द्वारा बताया गया कि हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेना पड़ता है। छात्रों के आधार नम्बर एवं आधार अपडेट व मोबाईल नम्बर की आवश्यकता होती है जिसके कारण कई छात्र परीक्षाओं से वंचित रह जाते है। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट सारंगपुर में 19 अगस्त से 27 अगस्त कन्या पचोर में 8 सितम्बर से 15 सितम्बर धामन्दा में 16 सितम्बर से 23 सितम्बर एवं भ्याना में 24 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आधार केम्प आयोजित किए जाऐंगे। जिसमें 15 से 17 आयु-वर्ग 40 शासकीय हाई स्कूलध्हायर सेकेण्डरी व 46 अशासकीय हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी के छात्र लाभान्वित होंगे।


## ग्राम मैनाखेड़ी में हादसा, 16 वर्षीय किशोर की कुएं में गिरने से मौत



**जीरापुर**। समीपवर्ती ग्राम मैनाखेड़ी में एक किशोर की मौत कुएं में डूबने से हो गई। जैसे ही गांव में लोगों को पता लगा शोक छा गया। जानकारी के मुताबिक कक्षा 7वी मे अध्ययनरत छात्र जयराज पिता गिरवरसिंह चैहान जिसकी उम्र 16 वर्ष थी। वह सोमवार को शाम चार साढ़े चार बजे के लगभग खेत की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में खेत पर स्थित कुएं के पास पानी पीने गया तब उसका पैर फिसल गया और वह संतुलन खोकर सीधे कुएं में जा गिरा। जहां उसकी दुखद मौत हो गई। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों ने उस बालक को कुये से बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।इस दुखद घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है और परिजन दुःखी हो रहे। पुलिस द्वारा जयराज चैहान का मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंपा। जिसका गांव में अन्तिम संस्कार किया।बालक जयराज चैहान गांव के शासकीय स्कूल में ही कक्षा सातवीं में अध्यनरत था।

# अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी महासभा के जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए रमेश गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमसिंह चौधरी, राष्ट्रीय सलाहकार विष्णुप्रसाद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं म.प्र. प्रभारी मेहरबानसिंह चौधरी की सहमति एवं प्रदेश अध्यक्ष भगवतीलाल चौधरी की अनुशंसा पर पढ़ाना क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी सारंगपुर मार्केटिंग प्रबंधक रमेश चंद गुर्जर को उनकी समाज के प्रति सक्रियता, लगन, निष्ठा, समर्पण एवं उत्तम व्यवहार को देखते हुए अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी महासभा का राजगढ़ जिले का जिलाध्यक्ष आगामी 3 वर्ष तक के लिए नियुक्त किया गया है। साथ ही उनको महासभा की रीति नीति अनुसार कंधे से कंधा मिलाकर तन, मन, धन से महासभा को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने एवं समाज की उन्नति में सहयोग प्रदान करने की अपील की। गुर्जर के जिला अध्यक्ष बनने पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल पूर्व विधायक कुंवर कोठार ऊपेंद्र सिंह छावरी निर्मल जैन पर्वत सिंह मंडलोई सहित जिले के समाज जनो तथा इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

## बिजली कंपनी के खिलाफ की नारेबाजी

**विदिशा**। अंबार और नादौर गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर बिजली समस्या के समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और बिजली कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई सालों से अघोषित बिजली कटौती झेल रहे हैं। दिन में घरेलू सप्लाई का करंट खेतों की पंप लाइन में डायवर्ट कर दिया जाता है। इससे आबादी वाले क्षेत्रों में व्यापक कटौती होती है। गांवों में बिजली रात 12 से 1 बजे के बाद ही मिलती है। बिजली कटौती से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को परेशानी होती है। अंधेरे में दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से नियमित बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय निवासी दीपांश चौकसे ने कहा कि सरकार का 24 घंटे बिजली देने का वादा धरातल पर विफल हो चुका है। गांवों में लोग रात में भी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

# नीति आयोग आकांक्षी अंतर्गत सम्मान समारोह आयोजित हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम संपूर्णता अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय महाविद्यालय राजगढ़ के सेमिनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। साथ ही पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रसिंह सोंधिया, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर,नगर पालिका अध्यक्ष राजगढ़ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से अधिकारी श्याम बाबू खरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। वही जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे। इस अवसर पर सारंगपुर से परियोजना अधिकारी केदार शर्मा, पर्यवेक्षक प्रमिला सक्सेना तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोना शर्मा, शोभा टेटवाल एवं तारा पवार को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## इंदौर पब्लिक स्कूल से निखिल जाटव का संभाग स्तर पर चयन



**ब्यावरा**। शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा के कक्षा 9वीं के छात्र निखिल जाटव, पिता राकेश जाटव ने खेल क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। निखिल का चयन 17 कबड्डी प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर हुआ है। वे कल से सिहोर में आयोजित होने जा रही संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव, खेल शिक्षक ओवेश सर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र निखिल को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण में लापरवाही करने पर लेखापाल निलंबित

## प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्ताव शासन को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शासकीय प्राथमिक विद्यालय मल्हारपुरा, संकुल केन्द्र शासकीय हाई स्कूल भानपुरा के सहायक अध्यापक बनेसिंह वर्मा का सेवा काल में निधन हो गया था। उनके आश्रित नरेन्द्र वर्मा को शासनादेशानुसार अनुकंपा नियुक्ति के स्थान पर एकमुश्त आर्थिक सहायता राशि 100000 स्वीकृत की गई थी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, राजगढ़ द्वारा आदेश क्रमांक /स्था./अनु.नि./2023/2694 दिनांक 10 जुलाई 2023 जारी किया गया था। उक्त आदेश के बावजूद, संबंधित प्रभारी प्राचार्य रमेशचंद्र दांगी व लेखापाल जगदीश बैरागी द्वारा देयक तैयार कर भुगतान हेतु आहरण संवितरण अधिकारी को प्रस्तुत नहीं किया गया। फलस्वरूप, शासनादेश की अवहेलना हुई और हितग्राही को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधा से वंचित रहना पड़ा।

कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लेखापाल जगदीश बैरागी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही प्रभारी प्राचार्य रमेशचंद्र दांगी के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, भोपाल संभाग, भोपाल को प्रेषित किया गया है।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने वाले शिक्षिका व शिक्षक को किया सम्मानित



**खुजनेर**। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर राजगढ में प्रशाशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने नवाचार के लिए शा.क.उ.मा.वि.खुजनेर की शिक्षिका माया यादव एवं शा. मॉडल के शिक्षक गोविन्द प्रसाद गुप्ता को जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप विधायक अमर सिंह यादव एवं कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया।

# संस्कार कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶तलेन

संस्कार कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल तलेन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण के जीवन की कहानी मधुर गीत नित्य प्रस्तुत किया जन्माष्टमी पर्व के मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण राधा का रूप धारण किया वह विद्यालय द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापकों ने भगवान श्री कृष्ण के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके आदर्श अपने का आह्वान किया। इस मौके पर विद्यालय के संचालक देव सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**सारंगपुर**। शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया द्वारा किया गया। इस अवसर पर "वसुधैव कुटुम्बकम तथा भारतीय ज्ञान परंपरा" विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ.ममता खोईया ने अपने उद्बोधन में कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना भारतीय संस्कृति में प्राचीनकाल से विद्यमान है। भारत सदा से पूरे विश्व को एक परिवार मानता आया है तथा सभी प्राणियों के कल्याण की कामना करता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार दूध में शक्कर घुलकर एकरस हो जाती है, उसी प्रकार भारत की संस्कृति में बाहर से आने वाले लोग सहज रूप से समाहित हो जाते हैं। कार्यक्रम संयोजक प्रो. प्रीतम गुनवा ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की शुरुआत हमें अपने घर से करनी चाहिए। परिवार, गाँव, शहर, राज्य, देश और अंततः पूरी दुनिया तक इस अवधारणा को ले जाकर हम सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य कर सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ. अर्चना वर्मा ने समाजसेवा पर बल देते हुए कहा कि जब व्यक्ति समाज के लिए कार्य करता है और दूसरों को प्रेरित करता है, तभी समाज का विकास होता है, और समाज के विकास से राष्ट्र उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है। इसके अतिरिक्त डॉ. शिवराज सिंह राठौड़, डॉ. फारूक पठान तथा छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। व्याख्यान के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें सलोनी पुष्पक, रोशनी विश्वकर्मा और पूजा विश्वकर्मा ने नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं चारु पुष्पद, निशा सेन, निशा राजपूत, दीप्ति राजपूत, दुर्गेश चंद्रवंशी, सलोनी पुष्पद, पूजा विश्वकर्मा और रोशनी विश्वकर्मा ने संगीतबद्ध गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व शांति और सौहार्द विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें विनोद विश्वकर्मा ने प्रथम तथा सलोनी पुष्पद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

यात्रा का खिलचीपुर से प्रारंभ होकर कामखेड़ा में हुआ समापन

# पंडित रोहित नागर के नेतृत्व में निकली हिन्दू राष्ट्र यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर



नगर में मंगलवार को पंडित रोहित नागर, संत पागलदास, पंडित हरिनारायण वैष्णव के सानिध्य में पंचमुखी बजरंग बली मंदिर से कामखेड़ा बालाजी तक मोटरसाइकिल यात्रा निकाली। यात्रा की शुरुआत में सभी संतों का स्वागत किया गया। खिलचीपुर नगर के मुख्य मार्गो से पैदल निकली यात्रा के दौरान पंडित रोहित नागर ने अपने संबोधन में कहा यह यात्रा हिंदू राष्ट्र के लिए खिलचीपुर से कामखेड़ा तक निकाली जा रही है , अगले वर्ष यहां यात्रा पूरे जिले में निकाली जाएगी पूरे जिले को भगवामय किया जाएगा।

डीजे ढोल के साथ निकली गई यात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं संतो का स्वागत ओर आरती की गई। यात्रा के दौरान भगवा झंडे लहराए गए वही जय जय श्री राम के जमकर नारे लगे, जाति का भेद छोड़ो हम सब हिन्दू एक है, बांटोगे तो काटोगे के नारे लगे। यात्रा के दौरान पूरा नगर भगवा मय हो गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक हजारीलाल दांगी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह , पूर्व राज्य मंत्री रघुनंदन शर्मा, मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय शर्मा, पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता, संदीप शर्मा, जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिला मंत्री ईश्वर सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, जनपद अध्यक्ष सुनील नैनवात भी इस यात्रा में शामिल हुए। नगर के भोजपुर नाके से यह यात्रा बाइक और चारपहिया वाहनों से कामखेड़ा पहुंची इसके बीच में आने वाले गांव दोलाज, भोजपुर, सेमली, सरहदी, घाटोली, अकलेरा में भी सनातन भक्तों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। कामखेड़ा में महाआरती और भंडारे में सभी भक्त शामिल हुए।

## कृष्ण सुदामा और राजा परीक्षित चारित्र वर्णन के साथ भागवत कथा का समापन



**माचलपुर**। नगर में स्वर्गीय चांदमल माधावत परिवार द्वारा सात दिवसीय भागवत महापुराण का मंगलवार शाम को समापन हुआ। संगीतमय भागवत महापुराण का वाचन भागवत मर्मज्ञ प्रवक्ता कथा व्यास पंडित शिवदयाल भार्गव द्वारा 13 मार्च से किया जा रहा है। कथा श्रीकृष्ण भगवान की अनेक लीलाओं का वर्णन किया प्रथम दिवस धुंधकारी मोक्ष परीक्षित श्रष्टि प्रकरण ओर अंतिम दिवस सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया कथा कार द्वारा कृष्ण की सुदामा मित्रता का कथा मर्मज्ञ ने सुंदरवर्णन करते हुवे कहा की जब जब भी भक्तो पर विपदा आई है प्रभु तारण करने जरूर आए हैं। कथा में सभी श्रद्धालु भाव विभोर हो गए कृष्ण सुदामा रूपी पात्र ने इस चरित्र को मानो जीवित ही कर दिया हो अगले प्रसंग में ऋषि के श्राफ के बाद शुक्रदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भगवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता और राजा परीक्षित को डस लेता है! राजा परीक्षित कथा श्रवण के कारण भगवान के परमथाम को पहुंचते हैं! हवन कलश विसर्जन एवं भंडारे के साथ श्रीमद्भगवत कथा का समापन हुआ।